'साइबर सुरक्षा' विषय पर कार्यशाला में छात्रों को मार्गदर्शन

संवाददाता | महान

स्थानीय सावित्रीबाई फुले महाविद्यालय में हाल ही में सायबर सुरक्षा के बारे में कार्यशाला संपन्न हुई। इस अवसर खंडेलवाल महाविद्यालय की सानिका वाघमारे व अदिती जानोरकार इस साइबर वॉरियर्स ने ऑनलाईन धोखाधड़ी, बढ़ता सोशल मीडिया का उपयोग व उससे होने वाली जालसाजी, ऑनलाइन खरीदी, मोबाइल में नए-नए आने वाले ऐप, फेसबुक एकाउंट हैक कैसे किया जाता है, फ्रॉड वेबसाइट कैसी पहचाने इस विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन किया। यह कार्यशाला क्विक हिल फाउंडेशन पुणे और महाराष्ट्र सायबर के सहयोग से व महाविद्यालय के प्राचार्य डा. जगदीश साबु व भौतिकशास्त्र विभाग के डा. हरिदास खरात के मार्गदर्शन में ली गई। कार्यशाला के अध्यक्ष इंगोले ने छात्रों को मार्गदर्शन किया। इस अवसर शिक्षण व शाला के सभी छात्र, कर्मचारी उपस्थित थे। ऐसी जानकारी सानिका वाघमारे, आदिती जानोरकार ने दी है।